5

विषय : हिन्दी
कक्षा : दसवीं
मॉडल प्रश्न पत्र
द्वितीय सत्र

समय : 3 घंटे | कुल अंक : 70
आन्तरिक मूल्यांकन : 30

प्रश्न.1 निर्देशानुसार उत्तर दें :

(i) किसी एक शब्द का उपसर्ग पृथक् करें :
अत्याचार, कुमति

(ii) किसी एक प्रत्यय को जोड़कर एक नया शब्द बनायें :
इक, आई

(iii) किसी एक शब्द का पर्यायवाची शब्द लिखें :
गंगा, पवन

(iv) किसी एक शब्द का विपरीत शब्द लिखें :
अर्पित, क्रोध

(v) किसी एक वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखें :
जिसका कोई शत्रु न हो, जो ईश्वर को न माने 5x1 = 5

(ख) निर्देशानुसार उत्तर दें :

(i) किसी एक भिन्नार्थक शब्द युग्म का प्रयोग वाक्य में करके अर्थ स्पष्ट करें :
अपर-अपार, कर्म-क्रम

(ii) किसी एक वाक्य में विराम चिह्न लगायें :
1. हाय बेचारे को साँप ने डस लिया
2. मैं बीमार हूँ इस लिए स्कूल नहीं जा सकता

(iii) किसी एक वाक्य को शुद्ध करके लिखें :
1. विद्या समाप्त कर वे वकील बन गए।
2. मैं माता का दर्शन करने आया हूँ। 2+2+1= 5

प्रश्न 2 एक या दो वाक्यों में उत्तर दें :

(क) फूल की अंतिम दशा क्या होती है ?
(ख) आसमान में बादलों को देखकर कौन सा पक्षी पंख फैलाकर नाचने लगता है ?
(ग) बरगद का वृक्ष कहाँ पर था ?
(घ) लेखक को भूख क्यों नहीं थी ?
(ङ.) बर्मा से आई लड़कियाँ भीख माँगने का क्या कारण बताती हैं ? 5 x 1 = 5

प्रश्न 3 तीन या चार वाक्यों में उत्तर दें :

(क) लेखक ने शिमला को भौतिकवादियों का शहर क्यों कहा है ?
(ख) आनन्दपुर साहिब में स्थित गुरुद्वारा सीसगंज का क्या महत्व है ?
(ग) सिपाही मानव को मुर्दा क्यों कहता है ? 3 x 2 = 6

प्रश्न 4 पाँच या छः वाक्यों में उत्तर दें :

(क) सोमा बुआ की मिलनसारिता को उदाहरण देकर स्पष्ट करें।

अथवा

गजाधर बाबू का चरित्र चित्रण अपने शब्दों में लिखें।

(ख) लेखक ने अमीरी और गरीबी का भेद मिटाने के लिए क्या सुझाव दिये हैं ? 'काम या आराम' निबंध के आधार पर उत्तर दें।

अथवा

ऊधम सिंह की जीवनी से आपको क्या प्रेरणा मिलती है ?

(ग) बिशनी का चरित्र-चित्रण करें।

अथवा

'सिपाही की माँ' एकांकी का उद्देश्य लिखें। 3 x 4 = 12

प्रश्न 5 किसी एक विषय पर 250 शब्दों में एक निबन्ध लिखें :-

(क) युग पुरुष गुरु नानक देव जी

(ख) मेरे जीवन का लक्ष्य

(ग) वैशाखी का पर्व

(घ) दहेज प्रथा।

प्रश्न 6 निम्न गद्यांश को ध्यान से पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दें :- 10

मैदान चाहे खेल का हो या खुद का और चाहे कोई और मन हारा कि बल हारा। मन गिर गया तो समझिए कि तन गिर गया। काम कोई भी, कैसा भी क्यों न हो, मन में उसे करने का उत्साह हुआ तो बस पूरा हुआ। सामान्य आदमी बड़े काम को देखकर घबरा जाता है। साधारण छात्र कठिन प्रश्नों से बचता ही रहता है, किन्तु लगन वाला, उत्साही विद्यार्थी कठिन प्रश्नों पर पहले हाथ डालता है। उसमें कुछ नया सीखने और समझने तथा कठिन प्रश्न से जूझने की ललक रहती है। प्रेमचन्द के रास्ते में सैकड़ों कठिनाइयाँ थीं, लेकिन उन्हें आगे बढ़ने की अजब धुन थी, इसलिए हिम्मतवान रहे। अतः स्पष्ट है कि मनुष्य की जीत अथवा हार उसके मन की ही जीत अथवा हार है।

(क) सामान्य आदमी कैसा होता है ?

(ख) उत्साही छात्र की क्या विशेषता है ?

(ग) मन गिरने से तन कैसे गिर जाता है ?

(घ) 'हाथ डालना' तथा 'जूझना' शब्दों के अर्थ लिखें।

(ङ) उचित शीर्षक लिखें।

प्रश्न 7 किन्हीं चार पंजाबी वाक्यों का हिन्दी में अनुवाद करें : 5 x 2 = 10

1 ਮੇਰਾ ਵੱਡਾ ਭਰਾ ਵਕੀਲ ਹੈ।

2 ਈਸ਼ਵਰ ਨੂੰ ਹਮੇਸ਼ਾ ਯਾਦ ਰੱਖੋ।

3 ਭਾਰਤ ਸਾਡੀ ਮਾਤਭੂਮੀ ਹੈ।

4 ਬਿਨਾ ਸੇਵਾ ਮੇਵਾ ਨਹੀਂ ਮਿਲਦਾ।

5 ਬਿਨਾਂ ਟਿਕਟ ਸਫਰ ਕਰਨਾ ਅਪਰਾਧ ਹੈ।

6 ਆਮਦਨ ਤੋਂ ਵੱਧ ਖਰਚ ਕਰਨਾ ਚੰਗੀ ਗੱਲ ਨਹੀਂ।

प्रश्न 8 किन्हीं चार अंग्रेजी के पारिभाषिक शब्दों के हिन्दी रूप लिखें : 4

Embassy, Emergency, High Court, Manager, Promotion, Validity.

प्रश्न 9 क मान लो आपका नाम कुलविन्द्र सिंह है। आपका डाकघर फेज-2 मोहाली में बचत खाता नम्बर 4569 है। आपके इस खाते में 20000/- रुपये हैं। आज दिनांक 15.4.2010 को आपको इस खाते में 4000/- रुपये जमा करवाते हैं। इसलिए नीचे दिए गए प्रपत्र के प्रारूप को अपनी उत्तर-पुस्तिका में उतारकर भरें 4

डाकघर बचत बैंक

---------- डाकघर का नाम

खाता संख्या ---- दिनांक ----------

नाम------

रुपये (शब्दों में) ------------ रु.

जमा के पश्चात बकाया ------------रु.

जमाकर्ता के हस्ताक्षर--

(ख) रेलवे विभाग में 'तत्काल सुविधा' से क्या अभिप्राय है? 2+1=3

प्रश्न 10 निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर दीजिए :-

आपका नाम मुकेश वर्मा है। आप मकान नम्बर 156, सेक्टर 18, नंगल में रहते हैं। आपका बेटा जिसका नाम सतीश वर्मा है। उसका रंग साँवला, आयु आठ वर्ष, कद चार फुट है। वह दिनांक 15.3.10 से नंगल से गुम है। 'गुमशुदा की तलाश' शीर्षक के अन्तर्गत विज्ञापन का प्रारूप तैयार कीजिए।

अथवा

आपको नाम मयंक गुप्ता है। आप मानव मंगल पब्लिक स्कूल, अमृतसर में पढ़ते हैं। आप अपने स्कूल की वार्षिक पत्रिका के छात्र-सम्पादक हैं। आप अपनी ओर से पत्रिका के लिए विद्यार्थियों से लेख, कहानियाँ, लघु कथाएँ तथा कविताएँ देने के लिए सूचना तैयार कीजिए। 2

प्रश्न 11 किन्हीं चार मुहावरे/लोकोक्तियों को वाक्यों में इस प्रकार प्रयोग करके लिखें ताकि उनके अर्थ स्पष्ट हो जायें :-

धूप में बाल सफेद होना, लोहा लेना, हाथों के तोते उड़ जाना, कागज़ की नाव नहीं चलती, काला अक्षर भैंस बराबर, खोदा पहाड़ निकली चुहिया। 4